



# आर्थिक व औद्योगिक विकास होगा

## मुख्यमंत्री का प्रथम खुरई आगमन आज, स्वागत की तैयारियां, स्वागत में दीपावली की तरह सजा

नवभारत न्यूज

**खुरई 9 जनवरी. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की यह खुरई यात्रा स्वागत, सत्कार और उनके अभिनंदन की दृष्टि से कीर्तिमान बनाएगी. मुख्यमंत्री का आगमन विकसित और समृद्ध खुरई के संकल्प को पूरा करने की दिशा में महत्वपूर्ण सिद्ध होगा.**



यह विचार पूर्व गृहमंत्री खुरई विधायक भूपेंद्र सिंह ने पत्रकारों से बात करते हुए व्यक्त किए. श्री सिंह ने अधिकारियों व भाजपा पदाधिकारियों के साथ आमसभा स्थल व हेलीपेड का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया. श्री सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री खुरई के गुलाबरा बगीचा स्टेडियम स्थित हैलीपेड पर 12 बजे हैलीकाप्टर से उतरेंगे, यहां से विशेष रथ में सवार होकर रोड शो के रूप में पुरानी जनपद, परसा चैराहा, झंडा चौक, महाकाली मंदिर, डोहेला किला, पॉलीटेक्निक रोड होते हुए नवीन गल्ला मंडी के पास आमसभा स्थल पहुंचेंगे, इस दौरान खुरई की बुंदेली परंपरा से उनका अभूतपूर्व स्वागत होगा. मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के स्वागत के लिए खुरई नगर दीपावली की तरह सजाया गया है. पूरा नगर भाजपा के झंडों, मुख्यमंत्री के पोस्टर और फ्लैक्स से पट गया है. जानकारी के अनुसार पूरे रास्ते में मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव के कटाऊट लगे हैं. रोड शो रूट पर लगभग 150 स्वागत मंच और सैंकड़ों स्वागत द्वार बनाए गए हैं. रोड शो के रुट पर सभी घरों से मुख्यमंत्री के रथ पर पुष्प वर्षा होगी.

> बुंदेली परंपरा के लोकनृत्य, लोकवाद्यों से सजे विभिन्न सांस्कृतिक दल रोड शो रूट पर मुख्यमंत्री के स्वागत में रहेंगे. श्री सिंह ने कहा कि बीते दस वर्षों में खुरई का विकास एक दूरगामी विजन के साथ किया गया है. प्रदेश के बड़े, सुंदर, व्यवस्थित और आत्मनिर्भर शहरों में खुरई का अलग स्थान हो इस सोच के साथ खुरई में विकास-यात्रा की आधारशिला रखी गई थी. अधोसंरचना गत विकास के साथ अब खुरई के औद्योगिक और आर्थिक विकास सहित चहुंमुखी विकास की शुरुआत होगी. इस विजन और संकल्प को पूरा करने के लिए खुरई के विकास की आकांक्षी खुरई विस क्षेत्र की जनता मुख्यमंत्री ड. मोहन यादव के स्वागत में इस खुरई यात्रा को स्वागत और अभिनंदन की दृष्टि से यादगार बनाएगी.

## बीएलए सम्मान समारोह

**बीना.** पोलिंग पर काम करने वाले कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ़ होते हैं अगर हमारी पोलिंग मजबूत है तो हमारी जीत भी सुनिश्चित होती है, यह बात जिला कांग्रेस प्रभारी घनश्याम सिंह ने कहीं. ब्लॉक एवं शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा बीएलए सम्मान समारोह कार्यक्रम धनोरा में रखा गया. पूर्व मंत्री प्रभु सिंह ठाकुर ने कहा कि यह कार्यक्रम केवल एक सम्मान समारोह नहीं है,यह लोकतंत्र की नींव रखने वाले कार्यकर्ताओं को नमन करने का अवसर है. इस मौके पर जिला अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह मुहासा ने कहा बीएलए यानी वह योद्धा, जो चुनाव की धूप में तपता है, बरसात में भीगता है,रात-रात भर मतदाता सूची की रक्षा करता है,और हर एक वोट की कीमत समझता है. बीना प्रभारी मनोज कपूर ने कहा कि बीएलए केवल पद नहीं होता, बीएलए हमारी पार्टी की आंख, कान और आवाज होता है.

# पानी की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की लापरवाही से समझौता नहीं किया जायेगा

नवभारत न्यूज

**सागर 9 जनवरी. नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री ने राजघाट जल आवर्धन परियोजना के अंतर्गत शहर को प्रदाय किए जा रहे पेयजल की गुणवत्ता को लेकर सख्त रुख अपनाया है. उन्होंने टाटा एवं एमपीयूडीसी के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि जल शोधन संयंत्र पर किसी भी स्थिति में पानी की शुद्धता से समझौता नहीं किया जाएगा तथा नागरिकों को केवल मानक अनुरूप शुद्ध पेयजल ही उपलब्ध कराया जाए.**

निगमायुक्त ने कहा कि राजघाट जल शोधन संयंत्र पर पर्याप्त मात्रा में क्लोरीन तथा अन्य आवश्यक रासायनिक सामग्री अनिवार्य रूप से उपलब्ध रखी जाए, ताकि पानी को निर्धारित मानकों के अनुसार शुद्ध कर आपूर्ति की जा सके. उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि जल शोधन की पूरी प्रक्रिया की नियमित मॉनिटरिंग की जाए और प्रतिदिन पानी की गुणवत्ता की जांच रिपोर्ट तैयार कर निगम को उपलब्ध कराई जाए.

> निगम आयुक्त राजकुमार खत्री ने अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि पानी की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की लापरवाही पाई गई तो संबंधित एजेंसियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी. उन्होंने स्पष्ट किया कि दोषी पाए जाने पर संबंधित एजेंसी की जिम्मेदारी तय कर उनके विरुद्ध पेनाल्टी लगाने की कार्रवाई की जाएगी. इसके साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि नागरिकों के स्वास्थ्य से जुड़ा यह विषय अत्यंत संवेदनशील है, इसलिए इसमें किसी भी स्तर पर कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी. निगमायुक्त ने जलप्रदाय शाखा के अधिकारियों को भी निर्देश दिए कि वे समय-समय पर राजघाट जल शोधन संयंत्र का निरीक्षण करें तथा क्लोरीनेशन, फिल्ट्रेशन एवं अन्य तकनीकी प्रक्रियाओं की स्थिति की गहन समीक्षा करें. उन्होंने कहा कि शहरवासियों को स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराना नगर निगम की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इस दिशा में सभी संबंधित एजेंसियों को समन्वय के साथ कार्य करना होगा. नगर निगम द्वारा यह भी सुनिश्चित किया जाएगा कि किसी भी तकनीकी समस्या या रासायनिक सामग्री की कमी की स्थिति में व्यवस्था करने में देरी न की जाए, जिससे जल आपूर्ति प्रभावित न हो और नागरिकों को शुद्ध पेयजल निरंतर मिलता रहे.



# वार्षिकोत्सव का आयोजन

नवभारत न्यूज

**बंडा 9 जनवरी. निजी स्कूल जमुनिया में वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया.**

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जपं अध्यक्ष लोकेंद्र सिंह ने किया. अध्यक्षता करते हुए सरकार सिंह ने कहा कि छोटे से गांव में शिक्षकों द्वारा बच्चों को अच्छी शिक्षा और संस्कार देना गर्व की बात है, पढ़ाई के साथ साथ खेल एवं अन्य गतिविधियों में भी आगे बढ़ना चाहिए. शिक्षक अशोक भारती ने स्कूल में होने वाली गतिविधियों पर प्रकाश डाला. इस अवसर पर मुन्ना मिश्रा,लखन पाठक कविता दुबे, निकिता पाठक, आकांक्षा दुबे, रामदेव लोधी, खुशबू लोधी आदि मौजूद थे.

# स्कूल में त्रिदिवसीय मेगा योगा शिविर

नवभारत न्यूज

**रहली 9 जनवरी. आर्ट ऑफ लिविंग एवं सांदीपनि विद्यालय रहली के तत्वाधान में कक्षा 8 वीं से 12 वीं में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए मेगा योगा शिविर का आयोजन किया गया.**



आर्ट ऑफ लिविंग के योग शिक्षक अतुल चौबे ने शिविर में विद्यार्थियों के लिए एकाग्रता योग अभ्यास, कैंडल ब्लोइंग अभ्यास, औरा क्लीनिंग, भस्त्रिका प्राणायाम, उज्झाई श्वास, ओमकार मंत्र, ध्यान योग एवं सुदर्शन क्रिया का अभ्यास करवाया. कार्यक्रम प्रभारी शिक्षक गोविंद सिंह ठाकुर ने बताया कि तीन दिवसीय मेगा योगा शिविर में करवाई गई. योग ध्यान क्रियाएं विद्यार्थियों की एकाग्रता एवं याददाश्त बढ़ाने के लिए बहुत ही उपयोगी है. प्राचार्य दिलीप चौबे ने मेगा योगा शिविर में करवाई गई सुदर्शन क्रिया के सकारात्मक परिणामों पर प्रकाश डाला.डॉ. उमेश वैद्य ने कहा कि दिव्य योग एवं ध्यान क्रियाओं द्वारा विद्यार्थी कैरियर में सफलता प्राप्त कर सकते हैं. संकुल प्राचार्य विजय पचौरी ने कहा कि योग, ध्यान की प्राचीन विरासत अपनाकर विद्यार्थी से स्वस्थ रहें.

## एरण महोत्सव 14 से

**सागर.** ऐतिहासिक नगरी एरण बीना स्थित नरसिंह मंदिर परिसर में 14 जनवरीको सायं 5 बजे से तीन दिवसीय एरण महोत्सव का शुभारंभ होगा. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल रहेंगे. अध्यक्षता संस्कृति, पर्यटन एवं धार्मिक न्यास मंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी करेंगे. विशेष अतिथि खाद्य मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत उपस्थित होंगे. महोत्सव में सांसद डॉ. लता वानखेड़े शामिल होंगे. तीन दिनों तक चलने वाले इस सांस्कृतिक आयोजन में लोक कला, संस्कृति और परंपराओं का जीवंत प्रदर्शन किया जाएगा.

# राजस्व लक्ष्य को पूरा करें



नवभारत न्यूज

**ललितपुर 9 जनवरी.नगर पालिका परिषद अध्यक्ष सोनाली जैन की अध्यक्षता व कर निर्धारण अधिकारी राजेन्द्र प्रसाद, कर अधीक्षक राजेश जैन की उपस्थिति में पालिका सभाकक्ष में राजस्व वसूली की समीक्षा बैठक की गई.**

समीक्षा बैठक के दौरान नपाध्यक्ष ने पूर्व बैठक में दिये गये निर्देशों के क्रम में जानकारी ली गई व कर संग्रहकर्ताओं द्वारा वितरित किये गये गृहकर के बिलों आदि की भी समीक्षा की गई.

बैठक में कर्मचारियों द्वारा अवगत कराया गया कि बिल वितरण का कार्य जारी है. बकाया गृहकर बिल 20 जनवरी तक वितरित कर दिये जायेगें.

# विभिन्न ग्रामों से निकाली गई रथ यात्रा

नवभारत न्यूज

**खुरई 9 जनवरी. युवा नेता अविराज सिंह ने कहा कि 10 जनवरी को खुरई नगर में प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आगमन प्रस्तावित है. मुख्यमंत्री के इस ऐतिहासिक दौरे को लेकर खुरई नगर एवं विधानसभा क्षेत्र में उत्साह का माहौल है.**



श्री सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री के आगमन से क्षेत्र को विकास की नई सौगातें मिलने की पूरी संभावना है. यह दौरा खुरई विधानसभा के लिए महत्वपूर्ण साबित होगा, जिसमें कई विकास कार्यों के लोकार्पण एवं घोषणाएं प्रस्तावित हैं. मुख्यमंत्री के प्रस्तावित आगमन को लेकर तैयारियों के तहत एक रथ सभा का आयोजन किया गया, यह रथ सभा खुरई विधान सभा क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों से होकर निकाली गई. अविराज सिंह ने बताया कि रथ सभा का उद्देश्य मुख्यमंत्री के कार्यक्रम की जानकारी जन-जन तक पहुंचाना तथा अधिक से अधिक नागरिकों को कार्यक्रम से जोड़ना है.

उन्होने कहा कि खुरई विधानसभा हमेशा से अतिथियों के स्वागत में अग्रणी रही है और इस बार भी मुख्यमंत्री का ऐतिहासिक स्वागत किया जाएगा.





